भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 41
उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

## दिल्ली विश्वविद्यालय को यूजीसी अनुदान देने से मना करना

**†41. श्री सुदामा प्रसादः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में विगत पांच वर्षों से कुल निधि अंतर्वाह में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अनुदानों के हिस्से में भारी गिरावट देखी जा रही है, जबकि छात्रों का शुल्क दोगुना हो गया है;
(ख) यदि हां, तो दिल्ली विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुदान के अनुपात में कमी के क्या कारण हैं;
(ग) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं कि वित्तपोषण में यह बदलाव छात्रों की उच्च शिक्षा तक पहुंच को सीमित न करे;
(घ) क्या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए बजट आवंटन में कटौती सरकार द्वारा ऋण आधारित व्यय मॉडल को बढ़ावा देने के एवज में की गई है; और
(ङ.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
(**डॉ. सुकान्त मजूमदार**)

(क) से (ङ): शिक्षा मंत्रालय "केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को अनुदान" योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को एकमुश्त अनुदान जारी करता है, जो बदले में दिल्ली विश्वविद्यालय सहित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) को उनकी आवश्यकताओं, पिछले वर्षों में निधि के उपयोग आदि के आधार पर निधि आवंटित करता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान यूजीसी द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय को जारी निधि का ब्यौरा नीचे दिया गया है, इससे स्पष्ट है कि दिल्ली विश्वविद्यालय को जारी अनुदान में कोई गिरावट नहीं हुई है।

*रुपये करोड़ में*

| वर्ष | जारी निधि |
|---|---|
| 2019-20 | 607.80 |
| 2020-21 | 628.92 |
| 2021-22 | 670.13 |
| 2022-23 | 812.43 |
| 2023-24 | 955.29 |

*****